




## एक नजर में

### सेफ क्लिक-2026 अभियान के तहत मंदसौर पुलिस चला रही साइबर जागरूकता अभियान



**मंदसौर।** प्रदेश स्तरीय 'सायबर सेफ क्लिक-2026' विशेष अभियान के तहत मंदसौर पुलिस जिलेभर में आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक कर रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 24 जून से 8 जुलाई तक चल रहे इस अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल के निर्देशन में किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैंड, मंडी परिसर, चौपालों तथा सार्वजनिक स्थानों पर कार्यशालाएं आयोजित कर छात्र-छात्राओं, व्यापारियों, किसानों, महिलाओं, मजदूरों एवं आम नागरिकों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने स्वयं भी पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यशाला में लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस द्वारा पेम्फलेट, पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं लुभावने ऑफरों के झांसे में न आएं तथा ओटीपी, पिन और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

### आयुर्वेद में पंचकर्म एवं बॉडी डिटॉक्स शिविर आयोजित, विशेषज्ञों ने दिया परामर्श



**मंदसौर।** शहर स्थित तत्वम् आयुर्वेद में बुधवार को विशेष पंचकर्म एवं बॉडी डिटॉक्स (शरीर शुद्धि) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में रोगियों ने भाग लेकर आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक एजुकेशन एंड रिसर्च की ओर से प्राचार्य डॉ. दीपक यादव के मार्गदर्शन में एम.डी. पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. शालिनी कटोच एवं डॉ. पल्लवी ने रोगियों की जांच कर निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श दिया। चिकित्सकों ने रोगियों की प्रकृति एवं रोग की स्थिति के अनुसार पंचकर्म चिकित्सा, औषधि, आहार-विहार तथा जीवनशैली से संबंधित आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर डॉ. मदन साहू ने कहा कि पंचकर्म केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर की शुद्धि, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रभावी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति है। वहीं डॉ. शालिनी कटोच ने बताया कि गठिया, घुटनों एवं जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साइटिका, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, अनिद्रा, पक्षाघात, फेसियल पाल्सी, एलर्जिक राइनाइटिस, त्वचा रोग, बाल झड़ने तथा लगातार रहने वाली शारीरिक थकान जैसी समस्याओं में पंचकर्म चिकित्सा लाभकारी सिद्ध होती है। शिविर के दौरान रोगियों को नस्य कर्म, कर्ण पूरण, शिरोधारा, स्वेदन, बस्ती, गण्डूष, कवल, तलम, वालुका स्वेद, पिण्ड स्वेद एवं बॉडी डिटॉक्स थेरेपी की जानकारी भी दी गई। साथ ही एक, तीन एवं सात दिवसीय विशेष पंचकर्म पैकेजों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। तत्वम् आयुर्वेद प्रबंधन ने बताया कि जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी समय-समय पर निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया।

# स्वास्थ्य केंद्र नारायणगढ़ में नवपदस्थ चिकित्सकों का स्वागत

**मंदसौर। मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त एवं वाणिज्य मंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस नगर नारायणगढ़ में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। भाजपा नेता संजय यति के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जन्मदिवस मनाने के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगढ़ में हाल ही में स्थायी रूप से पदस्थ डॉ. मनीष सोलंकी एवं डॉ. निशा चौहान का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।**



इस अवसर पर भाजपा नेता संजय यति ने कहा कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के सतत प्रयासों एवं जनसेवा की भावना के कारण नारायणगढ़ क्षेत्र को दो स्थायी चिकित्सकों की सौगात मिली है। इससे क्षेत्र के हजारों नागरिकों को बेहतर एवं नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे जनहित की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए उनका जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया तथा मिठाइयां वितरित कीं। साथ ही, 1 जुलाई राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के अवसर पर नवपदस्थ चिकित्सकों डॉ. मनीष सोलंकी एवं डॉ. निशा चौहान को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर मुकेश भाना ने भी दोनों चिकित्सकों को डॉक्टर दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं मंडी अध्यक्ष सुरेश रूपरा, अविनाश भागरिया, बबलू वर्मा, वीरेंद्र रूपरा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। भाजपा नेता संजय यति के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस मनाते हुए तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगढ़ में स्थायी पदस्थ डॉ. मनीष सोलंकी एवं डॉ. निशा चौहान का स्वागत-अभिनंदन। इस अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मुकेश भाना समाजसेवी मनोज भागरिया द्वारा दोनों चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी गईं।

# पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम

**मंदसौर।** सी.ए. की मंदसौर जिला शाखा द्वारा देवनारायण मंदिर, फतेहगढ़ परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से फलदार पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा के चेयरमैन सीए विनय अग्रवाल एवं वाइस चेयरमैन सीए नितेश भदादा, ने किया। इस अवसर पर आम, जामुन, अमरूद एवं सीताफल जैसे विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया, जिससे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय क्षेत्र को भी लाभ प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में सीए रितेश पारिख, सीए दिनेश जैन, सीए अर्पित नागर, सीए अंकुश जैन, सीए प्रकृति डांगी श्री अजय डांगी, श्रीमती चन्दा डांगी का विशेष सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि लगाए गए पौधों का नियमित संरक्षण एवं रखरखाव किया जाएगा। इसके लिए 4 धाकड़, पप्पू धाकड़, रिंकू धाकड़, किशोर धाकड़, गोवर्धन धनगर, शंभू धनगर, कपिल विश्वकर्मा एवं बादल माली पौधों की देखरेख एवं रखरखाव का दायित्व निभाएंगे। इस अवसर पर शाखा पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों का संरक्षण करने का आह्वान किया। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की मंदसौर शाखा द्वारा आयोजित यह पौधारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता का एक सराहनीय उदाहरण रहा।

## स्मृति बैंक ने एचडीएफसी एर्गो से किया अनुबंध

**मंदसौर।** स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने अपने ग्राहकों को बेहतर बीमा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एचडीएफसी एग्रो के साथ अनुबंध किया है। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील पंजवानी ने बताया कि स्मृति बैंक अपनी स्थापना से ही पूर्णतः कंप्यूटरीकृत एवं सीबीएस आधारित बैंकिंग प्रणाली पर कार्य कर रहा है तथा बैंक की सभी 14 शाखाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा ग्राहकों को विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं के साथ आरटीजीएस, नेफ्ट और मोबाइल बैंकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा बैंक के माध्यम से म्यूचुअल फंड एवं बीमा सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। वर्तमान में बैंक का एसबीआईतथा इफको टोक्यो जैसी बीमा कंपनियों के साथ अनुबंध है। इसी क्रम में अब एचडीएफसी एर्गो के साथ भी स्वास्थ्य बीमा, गृह ऋण बीमा तथा विभिन्न ऋणों से संबंधित बीमा उत्पादों के लिए अनुबंध किया गया है। पंजवानी ने कहा कि इस अनुबंध के बाद ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में न्यूनतम प्रीमियम पर अधिकतम बीमा कवरेज उपलब्ध हो सकेगा। बैंक के संस्थापक एवं मार्गदर्शक संचालक नरेन्द्र नाहटा, अध्यक्ष राहुल नाहटा, उपाध्यक्ष मोती सिंह रावत, संचालक सुरेन्द्र नाहटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील पंजवानी तथा उप महाप्रबंधक राहुल कुमार सहित एचडीएफसी एर्गो की टीम उपस्थित रही।

# अधिक से अधिक वर्षाजल को सहेजें : जगदीश परमार

**क़यामपुर/नाहरगढ।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर बावडी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कयामपुर में प्रसिद्ध सगस बावजी की बावड़ी एवं हजारी बाग की बावड़ी पर रंगोली बनाकर दीप प्राज्जवलित कर गंगा आरती की गई।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच जगदीश परमार ने कहा कि जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद जन-जन को जोडने का काम कर रहा है। धरती से निरंतर जल का हम दोहन कर रहे हैं, लेकिन इसको रिचार्ज करने में अभी तक आम जन जागरूक नहीं हुआ है। जिससे जल संकट की स्थिति भी हमें देखने को मिल सकती है। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने प्राकृतिक धरोहर को सहझने के लिए बावड़ियों पर उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। निश्चित ही आमजन प्राकृतिक धरोहर से जुड़कर कार्य करेगा। प्रकृति से जोड़ने का काम भी हमारे पूर्वजों ने किया है। जल को बनाया नहीं जा सकता है, जल को बचाया जा सकता है। हम सभी को अधिक से अधिक वर्षा के जल को सहेजने का काम करना चाहिए। विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने कहा कि तीन चरणों में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा सवर्धन अभियान का आयोजन किया गया है। इन तीन चरणों में कलश यात्रा, सामूहिक श्रमदान, पेड़ों की पूजन, अभिषेक सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने कहा कि मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता के साथ निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसका समापन आज कयामपुर की प्रसिद्ध बावड़ी सकल बावजी की बावड़ी पर समापन हो रहा है।

# डॉक्टर केवल एक पेशा नहीं बल्कि सेवा, करुणा, त्याग और समर्पण का जीवंत उदाहरण हैं : मित्तल

**मन्दसौर।** 'आज हम दो महत्वपूर्ण व्यवसायों का सम्मान कर रहे हैं। दोनों ही व्यवसाय राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में विशेष योगदान देते हैं। आज चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के साथ-साथ सी.ए. दिवस भी है। दोनों का ही मानव कल्याण और मानव जीवन में बड़ा महत्व है; एक स्वास्थ्य रक्षक है, तो दूसरा आर्थिक व्यवस्थापक।'

ये उद्गार उपप्रान्तपाल (द्वितीय) एम.जे.एफ. लायन जितेन्द्र मित्तल ने लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा डॉक्टर्स एवं सी.ए. डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए दोनों विधाओं के प्रबुद्ध जनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मानव सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं, वहीं सी.ए. व्यक्ति एवं राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं; दोनों की देश के लिए अहम भूमिका रहती है। उन्होंने आगे कहा कि चिकित्सक केवल एक पेशा नहीं



बल्कि सेवा, करुणा, त्याग और समर्पण का जीवंत उदाहरण हैं। विकसित भारत के निर्माण में दोनों की ईमानदारी, विशेषज्ञता तथा समर्पण देश की सबसे बड़ी पूंजी है। चिकित्सक और सी.ए. दोनों ही हमें यह सिखाते हैं कि ज्ञान, परिश्रम, अनुशासन और सेवाभाव से ही जीवन में वास्तविक सफलता प्राप्त की जा सकती है। आज की महती आवश्यकता स्वस्थ समाज और सशक्त अर्थव्यवस्था का संतुलन है, जिसका परिवार एवं देश की समृद्धि में अतुलनीय योगदान होता है। मंचासीन मुख्य अतिथि, मन्दसौर नगर के वयोवृद्ध एवं वरिष्ठ चिकित्सक लायन डॉ. एम.एम. गांधी ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों एवं क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. के.सी. श्रीमाल व सचिव लायन मयूर सुराणा ने मेल्विन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। दोनों अतिथियो का स्वागत लायन अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष लायन सुशील जैसवानी ने किया। क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. के.सी. श्रीमाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा, 'अगर जीवन ही नहीं है, तो अर्थ व्यर्थ है। डॉक्टर ईश्वर का रूप हैं।

## नीमच

## एक नजर में

### कलेक्टोरेट में सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन



**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में बुधवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन, म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात जुलाई माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर एडीएम श्री बी.एस.कलेश, डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिह धार्वे, सहित कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, शहरी विभाग, अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ ने अपनी मांगों के लिए शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन



**नीमच।** पी एम सी ओ ई स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट कॉलेज नीमच के सभी प्रोफ़ेसर्स, क्रीड़ा अधिकारी एवं ग्रन्थपाल ने वर्षों से अपनी लंबीत मांगों को पूरा करन के लिए किया सांकेतिक विरोध। जिला शासकीय प्राध्यापक संघ जिला नीमच के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र गुजेटिया एवं सचिव डॉ संजय जोशी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शासन से अनेक बार निवेदन व ज्ञापन प्रदान करने के बाद भी मांगे पूरी न होने पर पूरे प्रदेश में एक साथ चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है जिसमें प्रथम चरण में शांति पूर्वक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांध कर संघ ने अपना विरोध व्यक्त किया। काली पट्टी बांध कर सांकेतिक विरोध अपने अपने महाविद्यालयों में 04जुलाई तक किया जाएगा। इसके पश्चात 05 जुलाई से जिला मुख्यालय पर सामूहिक रूप से जिले के सभी प्रोफेसर सामूहिक रूप से धरना देंगे। सचिव प्रोफेसर जोशी ने बताया कि मुख्य मांगों म वर्षों से उच्च शिक्षा विभाग में लंबित प्रमोशन, पदनाम, प्रोबेशन अवधि समाप्त करने, बैकलाग प्रोफेसर को करियर उन्नयन, स्पोर्ट्स ऑफिसर और लाइब्रेरियन को यूजीसी गाइड लाइन के अनुसार पद व वेतन संबंधी लाभ प्रदान करने तथा प्रध्यापकों का नियमतिकरण और सेवा निवृत्त प्रोफेसर का पेंशन और अर्जित अवकाश संबंधी निराकरण मुख्य है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को मारी टक्कर, पैर की हड्डी टूटी, निजी अस्पताल रेफर

**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र के मनासा नाके पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद निजी अस्पताल रेफर किया गया है।

**घर लौटते समय हुआ हादसा:** जानकारी के अनुसार, चावला कॉलोनी का रहने वाला नवीन यादव मंगलवार शाम अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मनासा नाके के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि नवीन सड़क पर दूर जा गिरा और उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया।

**हालत गंभीर, निजी अस्पताल रेफर:** हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और नवीन के परिचित दीपक धाकड़ ने उसे तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार तो किया, लेकिन नवीन की गंभीर हालत और पैर के फ्रैक्चर को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



**रहवासियों ने की स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग:** हादसे से गुस्साए परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही रहवासियों ने मनासा नाके पर सड़क के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि पास में ही शासकीय स्कूल और नीमच सिटी थाना होने के बावजूद इस मार्ग से रोजाना तेज रफ्तार वाहन गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सिंगोली।** थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सुलाबावजी के पास एक पेड़ पर फांसी के फंदे से एक युवक का शव लटका मिला जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगोली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अथवा में प्रसिद्ध सुलाबावजी के पास एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिलने की सूचना सुबह करीब 9 बजे पुलिस को मिली जिस पर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और युवक के बारे में पड़ताल करने पर युवक की पहचान दयाल पिता कमल सिंह राजपूत उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी उगरान थाना जीरन जिला नीमच मध्यप्रदेश के रूप हुई है। फिलहाल पुलिस मृतक की मौत के कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि रतलाम से एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया है। युवक की मृत्यु के मामले में अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## आज जिले में होगा 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन का शुभारंभ

**नीमच। ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आजीविका सशक्तिकरण को नई गति देने की दिशा में भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए जा रहे 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के शुभारंभ अवसर पर 2 जुलाई 2026 को जिले के तीनों जनपद पंचायतों में जन सम्मेलन सह लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

जनपद पंचायत नीमच में कार्यक्रम ग्राम पंचायत भरभड़िया, जावद में ग्राम पंचायत सुवाखेड़ा तथा मनासा में जनपद सभा कक्ष में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज संस्थाओं के पदाधिकारी, जॉब कार्डधारी श्रमिक, स्व-सहायता समूहों के सदस्य एवं ग्रामीणजन सहभागिता करेंगे।

राष्ट्रीय स्तरीय शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधि, पंचायत राज पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन सामूहिक रूप से देखेंगे। साथ ही योजना से संबंधित नवीन प्रावधानों, उद्देश्यों एवं प्रमुख विशेषताओं की जानकारी पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीण रोजगार से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रावधान के तहत 1 जुलाई 2026 से मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों की मजदूरी दर 261 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। इससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी।

## तीन डोडाचूरा तस्करों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा पिकअप वाहन में 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले तीन आरोपीगण (1) मोहसीन पिता अफजल धत्तिया मुल्तानी, उम्र-25 वर्ष, (2) साबिर पिता अब्दुल रऊफ पेमला, उम्र-55 वर्ष एवं (3) आफताफ उर्फ आफताब पिता अफजल धत्तिया मुल्तानी, उम्र-29 वर्ष, सभी निवासी-ग्राम मुल्तानपुरा, जिला मन्दसौर को धारा 8/15(बी), 25, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 40000-40000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना दिनांक 02.09.2020 को शाम के लगभग 05-06 बजे राणाजी के ढाबे के सामने, हरवार रोड़, जीरन की हैं। थाना जीरन में पदस्थ उपनिरीक्षक कैलाश राठौर को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पीकअप वाहन में मुल्तानपुरा से दो व्यक्ति स्लेट पेंसिल की पेटियों के नीचे डोडाचूरा को छुपाकर राजस्थान के किसी तस्कर को देने जाने वाले हैं। जीरन पुलिस द्वारा मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर जाकर वाहन चैंकिंग किये जाने पर मुखबीर द्वारा बताया पीकअप वाहन आता दिखाई दिया.

**एक नजर** | **डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरिज 2026**

# रन फॉर लाइफ मैराथन, स्वास्थ्य जागरूकता दिया संदेश

**नीमच।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीमच द्वारा आयोजित डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज़-2026 के अंतर्गत बुधवार सुबह 'रन फॉर लाइफ' हेल्थ रन (मैराथन) उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई। स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस और बेहतर जीवनशैली का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन में चिकित्सकों के साथ उनके परिवारजन, बच्चे एवं वरिष्ठजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मैराथन ष्ट्रक्रक्त सर्किल से द्धक्रू हाउस तक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नीमच राजेश व्यास ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, 'डॉक्टर समाज के सच्चे प्रहरी हैं, जो दिन-रात मानव सेवा में समर्पित रहते हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



ऐसी पहलें समाज को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं।' इस अवसर पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा तो नहीं आए, लेकिन उन्हों ने आयोजन को लेकर अपना संदेश भेजा, जिसमें कहा गया कि ने चिकित्सकों के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टर केवल उपचार करने वाले पेशेवर नहीं, बल्कि समाज के लिए आशा, विश्वास और जीवन के संरक्षक हैं।

आईएमए नीमच अध्यक्ष डॉ. मनीष चमाड़िया ने कहा कि 'रन फॉर लाइफ' केवल एक मैराथन नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देने का अभियान है कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित जीवनशैली और जागरूकता आवश्यक है।